# उज्जैन के हाथी ने इंदौर में ली जान, फिटनेस और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

- सवारी में पीठ पर बैठते हैं महाकाल, आस्था के साथ गंभीरता जरूरी
- सावन भादों पर्व से पूर्व हाथी, घोड़े और बैलों की सुरक्षा जांच जरूरी

**नवभारत न्यूज**

उज्जैन. इंदौर में हाथी द्वारा एक युवक की जान लेने की घटना ने पूरे मालवा क्षेत्र को झकझोर दिया है. यह हाथी उज्जैन के खाक चौक आश्रम से इंदौर ले जाया गया था.

घटना के बाद इंदौर से लेकर उज्जैन तक चिंता बढ़ गई है, क्योंकि भगवान महाकाल की श्रावण-भाद्रपद सवारियों में हाथी, घोड़े और बैल प्रमुख आकर्षण होते हैं. ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन सभी पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, व्यवहार परीक्षण और सुरक्षा आकलन समय रहते किया गया है? इस घटना ने महाकाल की सवारी को लेकर भी नई चिंता पैदा कर दी है. हर वर्ष भगवान महाकाल की सवारी में हाथी पर भगवान मनमहेश स्वरूप विराजमान होते हैं. इसके अलावा घोड़ों पर पुलिस बल चलता है और बैलगाड़ी भी सवारी का हिस्सा रहती है. लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी, डीजे, बैंड, ढोल-नगाड़े, आतिशबाजी जैसी तेज आवाजें और भारी भीड़ किसी भी पशु को विचलित कर सकती है. यदि ऐसे हालात में कोई हाथी, घोड़ा या बैल बेकाबू हो जाए तो भगदड़ जैसी गंभीर स्थिति बन सकती है.



**निर्माण कार्य बिखरे पड़े:** इस बार स्थिति इसलिए भी अधिक संवेदनशील है क्योंकि सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के चलते सवारी मार्ग के कई हिस्सों में सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण और अन्य विकास कार्य जारी हैं. कई स्थानों पर निर्माण सामग्री, गिट्टी, सीमेंट, मशीनें, जेसीबी और डंपर खड़े हैं. मार्ग को एक ओर से चालू रखने की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन जगह पहले की तुलना में सीमित है. ऐसे में यदि किसी पशु का संतुलन बिगड़ता है तो दुर्घटना का खतरा और बढ़ सकता है.

**5 से 7 लाख श्रद्धालु आएंगे:** प्रत्येक सोमवार को महाकाल की सवारी और श्रावण मास में दर्शन के लिए देश-विदेश से पांच से सात लाख तक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं. आगे नागचंद्रेश्वर दर्शन जैसे बड़े आयोजन भी होने हैं. इसलिए प्रशासन, पुलिस और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह है कि सवारी में शामिल होने वाले सभी पशुओं की चिकित्सकीय जांच, फिटनेस प्रमाणन और व्यवहार का परीक्षण कराया जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखी जाए.

**मालिक बोले स्वस्थ है श्यामू :** दूसरी ओर श्रवण गिरि महाराज का कहना है कि श्यामू पूरी तरह स्वस्थ है. उनके अनुसार हाथी का खान-पान, व्यवहार और दिनचर्या सामान्य है तथा बीमारी की चर्चा एक शिकायत के बाद शुरू हुई है. वहीं वन विभाग और पशु चिकित्सकों का कहना है कि अंतिम निर्णय जांच रिपोर्ट आने के बाद ही लिया जाएगा.

### श्यामू हाथी की सेहत पर संशय

महाकाल की श्रावण-भाद्रपद सवारी में दूसरी सवारी से शामिल होने वाली मादा हाथी श्यामू की सेहत को लेकर भी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है . कुछ दिन पहले वन विभाग और पशु चिकित्सकों ने श्यामू का स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्त के नमूने जांच के लिए जबलपुर प्रयोगशाला भेजे थे, जिनकी रिपोर्ट का इंतजार है . इधर महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने श्यामू के मालिक श्रवण गिरि महाराज से हाथी के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी मांगी है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था की जा सके।

### घटना दु :खद, उज्जैन में जांच करेंगे

महाकाल बाबा की सवारी पूर्व सभी तरह का परीक्षण होता है . इस बार भी सवारी के पूर्व हाथी घोड़े बेल सभी के लिए जाँच व्यवस्था बनाएंगे . इंदौर की घटना दु :खद है .महावत से भी चर्चा करेंगे .

– **प्रथम कौशिक**, प्रशासक, महाकाल मंदिर, उज्जैन

## एक नजर में

### जिला अस्पताल और कलेक्टर बंगले पर हंगामा

**मुरैना .** जिला अस्पताल में एक युवक की इलाज के दौरान मृत्यु होने के बाद उसके परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला अस्पताल और बाद में कलेक्टर बंगले पर हंगामा किया. अधिकारियों के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ. ग्राम हड़वांसी निवासी 36 वर्षीय बंटी शाक्य की रविवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक के परिजनों का आरोप है कि चिकित्सकों ने समय पर उचित उपचार नहीं किया और इलाज में लापरवाही बरती, जिसके कारण उसकी मौत हो गई.

### प्राचीन तोप चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शिवपुरी .** जिले के नरवर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक किले से प्राचीन विशाल तोप चोरी करने के मामले में पुलिस ने राजस्थान के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी में प्रयुक्त मिनी लोडिंग वाहन जब्त किया है . गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन मीणा और टिममू राम मीणा, दोनों निवासी जिला करौली (राजस्थान), के रूप में हुई है . दोनों आरोपियों को करौली पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया . आरोपियों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त मिनी लोडिंग वाहन तथा करीब छह लाख रुपये का मशरूका जब्त किया गया है . गत 15 और 16 जुलाई की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने नरवर के प्राचीन किले से ऐतिहासिक तोप चोरी कर ली थी .

### फरार दुष्कर्म आरोपी पर अदालत का शिकंजा

**बैतूल .** जिले में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में लगभग 17 महीने से फरार आरोपी के खिलाफ न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए उद्घोषणा जारी की है . अदालत ने आरोपी को 30 दिन के भीतर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं . निर्धारित अवधि में पेश नहीं होने पर उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी . पुलिस के अनुसार मामला मुलताई थाना क्षेत्र के एक गांव का है . आरोपी सतीश हारले के विरुद्ध नाबालिग के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366 और 376(2)(एन) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 5/6 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था .



## मध्यप्रदेश में फिर शुरू हुआ बारिश का दौर

**भोपाल, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. मौसम विभाग ने भोपाल संभाग समेत प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है. विभाग के मुताबिक प्रदेश के पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बारिश का असर ज्यादा रहेगा.**

अगले कुछ घंटों तक कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई गई है.

मौसम विभाग के अनुसार निवाड़ी, ओरछा, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, अनूपपुर, अमरकंटक, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, डिंडौरी और अशोकनगर सहित कई जिलों में मध्यम गरज के साथ माध्यम बारिश हो सकती है. भोपाल सहित रायसेन, सीहोर, विदिशा, सतना, पन्ना, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, दमोह, नरसिंहपुर, शिवपुरी, सागर, गुना, रीवा, सीधी, मंडला और बालाघाट में गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है.

बीते 24 घंटे प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा पचमढ़ी में 61.2 मिमी दर्ज की गई. इसके बाद चाचौड़ा में 59 मिमी और सिहावल में 58.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई. उमरिया, रीवा, मंडला और रतलाम में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई, कई जिलों में हल्की वर्षा हुई. मौसम विभाग के अनुसार 1 जून से अब तक भोपाल में 521.1 मिमी वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो सामान्य से 59.1 मिमी अधिक है. विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से मिल रही नमी और सक्रिय मानसूनी सिस्टम के कारण अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रह सकता है. मौसम आंकड़ों के अनुसार भोपाल में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

> मौसम विभाग का कहना है कि सक्रिय मानसूनी सिस्टम के कारण अगले तीन से चार दिन तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला बना रहेगा . इसके साथ कई जिलों में बिजली गिरने और तेज हवा चलने की संभावना को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है .

## 29 डब्बा कच्ची महुआ शराब नष्ट



**नवभारत न्यूज**

**दमोह. अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल व उनकी टीम ने बड़ी कार्रवाई की.**


पुलिस को सूचना मिली थी कि पॉलिटेक्निक कॉलेज के पीछे, किशनतालिया के पास एक खाली घर में कच्ची महुआ शराब रखी गई है. सूचना पर दबिश देते हुए पुलिस ने वहां से 29 डब्बा कच्ची महुआ शराब बरामद की.

चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल के नेतृत्व में टीम ने मौके पर ही सभी शराब का विनष्टीकरण कर दिया. पुलिस ने बताया कि अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## प्रधान का इस्तीफा : विदेशियों के मंसूबे विफल

**भोपाल, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर राजनीतिक अवसरवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ विदेशी ताकतें भारत में बांग्लादेश और श्रीलंका जैसी परिस्थितियां पैदा करना चाहती थीं, लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से उनके मंसूबे विफल हो गए.**

विजयवर्गीय ने शनिवार रात इंदौर में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस के विरोध जुलूस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस की भूमिका पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद से प्रेरित है. उन्होंने कहा कि जिस आंदोलन का हवाला दिया जा रहा है, उसमें छात्रों ने आंदोलन किया



और पुलिस की कार्रवाई हुई, लेकिन कांग्रेस बाद में राजनीतिक लाभ लेने के लिए मैदान में उतरी.

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद विपक्ष पूरी तरह निराश हो चुका था और उसे इस मुद्दे में राजनीति की नई संभावना दिखाई दी. उनका आरोप था कि इस पूरे घटनाक्रम में कांग्रेस का कोई वास्तविक योगदान नहीं था. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए विजयवर्गीय ने कहा कि उन्हें पहले आरएसएस को समझना चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि आरएसएस नहीं होती तो देश की स्थिति की कल्पना मात्र से रोंगटे खड़े हो जाते हैं. उनके अनुसार देश आज जिस व्यवस्था और अनुशासन के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके पीछे आरएसएस स्वयंसेवकों की वर्षों की मेहनत है.


धर्मेंद्र प्रधान की कार्यशैली की सराहना करते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि वह उन्हें विद्यार्थी परिषद के समय से जानते हैं. उन्होंने कहा कि श्री प्रधान ने पार्टी नेतृत्व से स्वयं कहा था कि यदि पार्टी उचित समझे तो वह इस्तीफा देने के लिए तैयार हैं. बाद में पार्टी के सामूहिक निर्णय के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया.

## मैराथन में उमड़े छह हजार प्रतिभागी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 26 जुलाई. नशामुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देने के उद्देश्य से रविवार को भोपाल में आयोजित 'रन फॉर लाइफ - नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' मैराथन में करीब छह हजार लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा राज्यव्यापी नशा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित इस मैराथन की शुरुआत टीटी नगर स्टेडियम से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों, स्वयंसेवी संगठनों, सिविल डिफेंस समितियों तथा विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की. मैराथन का आयोजन तीन श्रेणियों—2 किलोमीटर वॉकाथन,



5 किलोमीटर रन और 10 किलोमीटर दौड़—में किया गया. इसका उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना था. कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी. श्रीनिवास वर्मा, पुलिस आयुक्त संजय कुमार, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मोनिका शुक्ला सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और समाज में नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया. प्रतियोगिता के समापन पर विभिन्न आयु वर्गों के विजेताओं को पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

## पुलिस अधिकारी ने जीता स्वर्ण

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस के लिए गर्व का क्षण तब आया जब पुलिस मुख्यालय की वायरलेस शाखा में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के निज सहायक के रूप में पदस्थ निरीक्षक (मंत्री) राकेश कुमार कुशवाह ने ओपन इंडिया प्री-स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप-2026 की 10 मीटर एयर पिस्टल (मास्टर्स वर्ग) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया.**

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने राकेश कुमार कुशवाह को 5,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया. उन्होंने कहा कि यह सफलता अनुशासन,



समर्पण, निरंतर अभ्यास और दृढ़ संकल्प का परिणाम है. उन्होंने विश्वास जताया कि इस उपलब्धि से न केवल मध्यप्रदेश पुलिस बल्कि पूरे प्रदेश की प्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत हुई है. राकेश कुमार कुशवाह इससे पहले भी मध्यप्रदेश पुलिस राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुके हैं.

## रेलवे मंडल ने 4 .22 करोड़ का राजस्व वसूला

### लगातार 3 माह चला चेकिंग अभियान

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 26 जुलाई. रेल मंड़ल भोपाल ने बीते तीन महीने में 4.22 करोड़ रूपए का राजस्व वसूली की है. वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई एवं जून माह में टिकट जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले एवं बिना बुक गये सामान सहित कुल 1 लाख 88 हजार 2 सौ 06 मामलों से 13.75 करोड़ रुपये अर्जित किये.**

इसमें बिना टिकट के 87,381 मामले, अनुचित टिकट के 1,00249 मामलें एवं 576 बिना बुक गये सामान के मामले शामिल है. केवल जून माह में टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट के 24,325 मामलें, अनुचित टिकट के 31,465 मामलें एवं 192 बिना बुक गये सामान के मामलें पकड़े गए. भोपाल मंडल को केवल जून में कुल 55,982 मामलों से कुल 4.22 करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ. इससे भोपाल रेल मंडल के आय में बढ़ोत्तरी हुई, जो कि वाणिज्य विभाग के टिकट चेकिंग कर्मचारियों द्वारा किया गया सराहनीय कार्य है. वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो.

### बाल श्रम, बाल तस्करी के खिलाफ अभियान



**भोपाल .** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट इटारसी ने बाल श्रम एवं बाल तस्करी का जागरूक अभियान आयोजित किया . रविवार को इटारसी रेलवे स्टेशन पर अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया गया . बताया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना और 14 से 18 वर्ष आयु के किशोरों को जोखिमपूर्ण कार्यों में लगाना बाल एवं किशोर श्रम दंडनीय अपराध है, जिसके लिए जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है . अभियान के दौरान लोगों से अपील की गई कि यदि रेलवे स्टेशन, ट्रेन, होटल, ढाबे, दुकान अथवा किसी अन्य स्थान पर कोई बच्चा बाल मजदूरी करता हुआ दिखाई दे अथवा बाल तस्करी की आशंका हो, तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन 139 पर सूचना दें .

## ई-प्रवेश प्रणाली | 24×7 कॉल सेंटर और सीएलसी की त्वरित सुविधा से बना रिकॉर्ड

# 4 लाख 89 हजार विद्यार्थियों को मिला प्रवेश

**नवभारत समाचार**

**भोपाल, 26 जुलाई. मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की विद्यार्थी-केंद्रित ई-प्रवेश प्रणाली ने उच्च शिक्षा में प्रवेश का नया कीर्तिमान स्थापित किया है. विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया को पूर्णत: डिजिटल, पारदर्शी और सरल बनाने के लिए किए गए नवाचारों का सकारात्मक परिणाम इस वर्ष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया है.**

अब तक प्रदेश के शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है, जो पिछले चार वर्षों में समान अवधि का सर्वाधिक आंकड़ा है. उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है. वर्ष 2023-24 में समान अवधि तक 3,21,154, वर्ष 2024-25 में 3,25,095, वर्ष 2025-26 में 4,15,655 तथा वर्ष 2026-27 में 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया.

इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में 73,514 तथा वर्ष 2023-24 की तुलना में 1,68,015 अधिक विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा से जुड़कर नया रिकॉर्ड बनाया है. यह वृद्धि प्रदेश में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास, डिजिटल सुविधाओं के विस्तार तथा विद्यार्थी-अनुकूल नीतियों का प्रत्यक्ष प्रमाण है.

प्रवेश में इस उल्लेखनीय वृद्धि का सबसे बड़ा कारण विभाग द्वारा विकसित ई-प्रवेश पोर्टल एवं मोबाइल एप है. अब विद्यार्थी घर बैठे ही पंजीयन, दस्तावेज अपलोड, ऑनलाइन सत्यापन, महाविद्यालय एवं पाठ्यक्रम का चयन, शुल्क भुगतान तथा प्रवेश की संपूर्ण प्रक्रिया सहजता से पूरी कर रहे हैं.

इस डिजिटल व्यवस्था से विद्यार्थियों और अभिभावकों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली है तथा पूरी प्रक्रिया पहले की अपेक्षा अधिक सरल, पारदर्शी, समयबद्ध और सुविधाजनक बनी है. विशेष रूप से कॉलेज लेवल काउंसिलिंग चरण को पूरी तरह विद्यार्थी-केंद्रित बनाया गया है. विद्यार्थियों को उसी दिन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन और प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके कारण अंतिम चरण में भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी अपनी पसंद के महाविद्यालयों में तत्काल प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं.

### 7 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में अब तक 7,18,386 विद्यार्थियों ने ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन कराया है . इनमें से 6,31,854 विद्यार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 4,89,169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है .

> प्रवेश प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के लिए विभाग ने प्रदेशभर के महाविद्यालयों में हेल्प सेंटर, विद्यार्थियों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 24×7 कॉल सेंटर, जिला एवं संभाग स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग तथा प्रभावी तकनीकी सहायता की व्यवस्था की है .

## पेज एक का शेष

### 27 जुलाई से 11 दिसंबर 2026 तक किसकी परीक्षा, किसको इनाम

आय स्थिर रहेगी, भले प्रगति धीमी लगे . कार्य और निजी जीवन का संतुलन सचेत प्रयास मांगेगा . गर्दन, कंधे और तनाव संबंधी परेशानियों पर ध्यान दें .

**कर्क** : धैर्य रखने वालों का भाग्य साथ देगा . उच्च शिक्षा, शोध, प्रकाशन और विदेशी सहयोग के क्षेत्र में अनुकूल परिणाम मिलेंगे . आर्थिक स्थिरता धीरे धीरे बेहतर होगी . पिता, मार्गदर्शक या गुरु की भूमिका इस अवधि में महत्वपूर्ण रहेगी . तीर्थयात्रा और शास्त्र अध्ययन के लिए समय अनुकूल है .

**सिंह** : परिवर्तन इस अवधि का मुख्य विषय रहेगा . संस्था में अप्रत्याशित बदलाव या पुनर्गठन संभव है . शोध, बीमा, वित्त, मनोविज्ञानी और गूढ़ विद्याओं से जुड़े लोगों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा . कर, उत्तराधिकार, ऋण और संयुक्त धन से जुड़े मामलों में सावधानीपूर्वक योजना बनाएं . भावनात्मक उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है और नियमित स्वास्थ्य जांच उचित रहेगी .

**कन्या** : साझेदारी सबसे बड़ा विषय रहेगी . व्यावसायिक सहयोग में धैर्य और पुनर्वार्ता की जरूरत पड़ेगी, मौजूदा अनुबंधों में संशोधन करना पड़ सकता है . वैवाहिक जीवन में खुला संवाद रिश्ते को मजबूत करेगा . संयुक्त निवेश की दोबारा समीक्षा करें . पाचन संबंधी स्वास्थ्य पर ध्यान दें और अनावश्यक आलोचना से बचें .

**तुला** : चुनौतियों से पार पाने के लिए यह शनि की सबसे मजबूत स्थितियों में एक है . प्रतिस्पर्धी धीरे धीरे कमजोर पड़ेंगे . कानूनी मामलों, सरकारी कार्यों और सेवा क्षेत्र से जुड़े लोगों को स्पष्ट लाभ मिलेगा . ऋण और देनदारियों को व्यवस्थित करने में सफलता मिलेगी . अनुशासित दिनचर्या और व्यायाम शुरू करने के लिए उत्तम समय है . लगातार प्रयास से कार्यक्षेत्र के संबंध सुधरेंगे .

**वृश्चिक** : रचनात्मकता अनुशासन से परिपक्व होगी . रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता से पहले अपने महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में संशोधन करना पड़ सकता है . सट्टा और जुए जैसे निवेशों से पूरी तरह बचें . प्रेम संबंधों में भावनात्मक परिपक्वता जरूरी होगी और संतान की शिक्षा अधिक ध्यान मांगेगी . मानसिक तनाव को अनदेखा न करें .

**धनु** : घर और भावनात्मक सुरक्षा प्रमुख विषय रहेंगे . कार्यस्थल के वातावरण में बदलाव या घर से काम करने की स्थिति बन सकती है . मकान की मरम्मत या संपत्ति पर खर्च बढ़ेगा . माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें . भावनात्मक स्थिरता और पारिवारिक सामंजस्य बनाए रखना जरूरी होगा .

**मकर** : रचनात्मक प्रगति जारी रहेगी . लेखक, पत्रकार, मीडिया कर्मी, शिक्षक, विपणन से जुड़े लोग और उद्यमी संवाद तथा संपर्कों के माध्यम से अच्छे अवसर पाएंगे . आय में क्रमिक सुधार की संभावना है . भाई बहनों से संबंध समझदारी के साथ बेहतर होंगे . छोटी यात्राएं लाभदायक सिद्ध होंगी .

**कुंभ** : आर्थिक अनुशासन इस अवधि का सबसे बड़ा सबक है . पहले की अनिश्चितता के बाद आय स्थिर होगी . अनावश्यक खर्च रोकें और दीर्घकालिक बचत की ओर बढ़ें . परिवार में सोच-समझकर बोलें, इस गोचर में शब्दों का असर सामान्य से अधिक होता है . दांत और गले संबंधी समस्याओं पर ध्यान दें .

**मीन** : शनि आपकी ही राशि में वक्री हो रहे हैं, इसलिए यह सर्वाधिक प्रभावी गोचर है . गहरी आत्म समीक्षा शुरू होगी और नेतृत्व की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, पर प्रगति धैर्य मांगेगी . जो लोग लगातार काम करते रहेंगे, वे दीर्घकालिक मजबूत आधार तैयार कर लेंगे . आर्थिक वृद्धि धीमी पर भरोसेमंद रहेगी . व्यक्तिगत बदलाव के कारण रिश्तों में कुछ समय के लिए दूरी आ सकती है, ईमानदार संवाद ही समाधान है . थकान, जोड़ों का दर्द और तनाव पर ध्यान दें . ध्यान, योग, शास्त्र अध्ययन और आत्मबोध के लिए यह असाधारण अवधि है .

**सर्वाधिक प्रभावित राशियां** : मीन (व्यक्तित्व और आत्म परिवर्तन), मिथुन (करियर पुनर्गठन और जिम्मेदारियां), कन्या (विवाह और साझेदारी), सिंह (गहरा आंतरिक तथा आर्थिक बदलाव) और धनु (घर, परिवार और भावनात्मक आधार) . इन राशियों को जल्दबाजी के फैसलों से बचकर तात्कालिक लाभ के बजाय दीर्घकालिक स्थिरता पर ध्यान देना चाहिए . मीन राशि में शनि की वक्री चाल डरने का नहीं, परिपक्व होने का समय है . गति धीमी लग सकती है, पर इन महीनों में मिले सबक अक्सर स्थायी सफलता और गहरी समझ का रास्ता बनाते हैं . शनि बिना कारण कुछ नहीं रोकते, वे धैर्य, सत्यनिष्ठा और लगन सिखाते हैं . जो लोग जिम्मेदारी स्वीकारते हैं, जीवन को सरल बनाते हैं और कर्म को धर्म से जोड़ते हैं, उनके लिए यह अवधि निर्णायक मोड़ बन सकती है . दिसंबर 2026 में शनि के मार्गी होने तक यही विलंब और आत्ममंथन आने वाले वर्षों की मजबूत नींव सिद्ध होंगे .

### दोनों कलाई काटकर व्यापारी की हत्या

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी तेज रफ्तार बाइक से सांची विदिशा की ओर फरार हो गए . उन्होंने बताया कि राकेश की दो महीने पहले ही वंदना लोधी निवासी सालेरा गांव से शादी हुई है . शादी के बाद से ही राकेश पर 2 बार अज्ञात लोगों ने हमला किया है . जिसमे आंखों में लाल मिर्च झोंककर हमला करने का प्रयास किया था . अज्ञात लोगों ने तीनों ही बार शनिवार के दिन हमला किया . सांची पुलिस को तलाशी के दौरान झाड़ियों में युवक का एक कटा हुआ हाथ बरामद हुआ है .

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**